# फेक न्यूज पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गंगरार।** गूगल न्यूज इनिशिएटिव और डेटालीड्स के सहयोग से मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार के मास मीडिया विभाग ने सोमवार को फेक न्यूज चेकिंग टेक्निक्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में गूगल न्यूज इनिशिएटिव ट्रेनिंग नेटवर्क की तरफ से बतौर विषय-विशेषज्ञ प्रो. उमेश आर्य ने अफवाह फैलाने वाले खबरों को पहचानने की बारीकियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हम कैसे खबरों के पीछे की सच्चाई को समझ सकें और अफवाहों को साझा या फॉरवर्ड करने से बच जाएं। क्योंकि इस तरह की अफवाह जनक खबरें समाज का बहुत ही बड़ा नुकसान कर सकते हैं। अध्यक्षता मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति आनन्द वर्धन शुक्ल ने की। संयोजक एवं मॉस मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार पाण्डेय ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सैय्यद नासिर हसन ने किया।

Dainik Navajyoti 28-09-2021

# फेक न्यूज विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

गंगरार, 27 सितम्बर (जसं.)। गूगल न्यूज इनिशिएटिव और डेटालीड्स के सहयोग से मेवाड़ विश्वविद्यालय के मास मीडिया विभाग ने सोमवार को 'फेक न्यूज चेकिंग टेक्निक्स' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में गूगल न्यूज इनिशिएटिव ट्रेनिंग नेटवर्क की तरफ से बतौर विषय विशेषज्ञ प्रो. उमेश आर्य ने अफवाह फैलाने वाली खबरों को पहचानने की बारीकियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज जरुरत है कि हम कैसे खबरों के पीछे की सच्चाई को समझ सकें और अफवाहों को साझा या फॉरवर्ड करने से बचें, क्योंकि इस तरह की अफवाह जनक खबरें समाज का बहुत ही बड़ा नुकसान कर सकती हैं। इसके साथ ही किसी भी फेक न्यूज को फॉरवर्ड करने पर होने वाली सजा की प्रावधान के बारे में भी जानकारियां साझा की गई। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रति. कुलपति आनन्द वर्धन शुक्ल ने की। संचालन कार्यक्रम के संयोजक एवं मॉस मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार पाण्डेय ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सैय्यद नासिर हसन ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय व देश भर के शिक्षक एवं शोधार्थियों ने सक्रिय प्रतिभागिता की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। Jannayak 28-09-2021